पंजाब केसरी 13/04/2025



जी.एम.एन. कॉलेज में 'आई हेट पॉलीथिन' अभियान के तहत हुई संगोष्ठी में भाग लेते वक्ता।

# 'आई हेट पॉलीथिन' अभियान के तहत जी.एम.एन. कॉलेज में हुई संगोष्ठी

अम्बाला, 12 अप्रैल (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज स्टार्ट-अप सैंटर ने 'आई हेट पॉलीथिन' अभियान के तहत बी.सी.ए., बी.बी.ए., एम.सी.ए. और एम.बी.ए. के विद्यार्थियों के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया। सत्र की शुरुआत कम्प्यूटर एप्लीकेशन संकाय की डीन डा. प्रबलीन कौर ने अतिथियों का स्वागत किया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि 'आई हेट पॉलीथिन' अभियान समाज में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस अभियान का हिस्सा बनने, नए कौशल सीखने तथा उज्जवल भविष्य के लिए खुद को तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया।